अवैध मंदिरा के अड्डों पर आबकारी विभाग ने ड्रोन के माध्यम से निगरानी कर दर्ज किए 24 प्रकरण



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिलों में विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की गई। दोनों जिलों में एक ही दिन में कुल 24 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान 160.65 लीटर मदिरा एवं 9,730 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया, जिसकी कुल कीमत 9,89,060 रुपये आंकी गई है।

अवैध कच्ची मदिरा के निर्माण के बड़े अड्डों की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई। ड्रोन की सहायता से संदिग्ध स्थलों को चिह्नित कर विभागीय दल ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। अभियान के दौरान अवैध मदिरा के निर्माण एवं भंडारण के संभावित ठिकानों पर विशेष निगरानी रखी गई।

छिंदवाड़ा में 18 और पांढुर्णा में 6 प्रकरण दर्ज

जिला छिंदवाड़ा में कार्रवाई के दौरान 18 प्रकरण कायम कर 105.65 लीटर मदिरा एवं 6,730 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री का मूल्य 6,83,560 रुपये आंका गया है। इस कार्रवाई में मोहन सिंधी, पूजा सूर्यवंशी, गोपाल ठाकुरिया, लक्ष्मीबाई धुर्वे, हरपति डेहरिया एवं शिवराम वर्मा के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए।

इसी प्रकार जिला पांढुर्णा में 6 प्रकरण कायम कर 55 लीटर मदिरा एवं 3,000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री का मूल्य 3,05,500 रुपये है।

16 मदिरा दुकानों का निरीक्षण, ढाबों एवं होटलों में रात्रिकालीन गश्त

अभियान के दौरान दोनों जिलों में कुल 16 मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया गया। इनमें छिंदवाड़ा जिले की 12 तथा पांढुर्णा जिले की 4 मदिरा दुकानें शामिल हैं। रात्रिकालीन गश्त के दौरान छिंदवाड़ा जिले में बिज्जू ढाबा सहित विभिन्न स्थानों पर निगरानी एवं जांच की गई। वहीं पांढुर्णा जिले में सेंटरपॉइंट ढाबा एवं बालाजी ढाबा सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर रात्रिकालीन गश्त कर जांच की गई।

मेघासिवनी विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी जे.के. इड़पाचे ने किया औचक निरीक्षण, प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला शिक्षा अधिकारी जे.के. इड़पाचे एवं सहायक संचालक डी.पी. डेहरिया ने मेघासिवनी स्थित शासकीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पाई गई कमियों एवं अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर एवं शौचालयों में साफ सफाई और समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने, निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नियमित कक्षाएं संचालित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी समेकित परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की प्रभावी तैयारी कराने और जेईई एवं नीट की कोचिंग कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने विद्यालय की ई-अटेंडेंस व्यवस्था की भी समीक्षा की तथा सभी शिक्षक-कर्मचारियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियमित उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए।जिला शिक्षा अधिकारी श्री इड़पाचे ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं स्वच्छता के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण में सामने आई कमियों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपेक्षित सुधार सुनिश्चित नहीं किए जाने पर प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि समस्त व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीरता से कार्य किया जाए।

सार समाचार

नौनिहालों के निवाले पर बुरी नजर महज कागजों में दर्ज हो रहे बच्चे!

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। देश के भविष्य यानी नौनिहालों को कुपोषण से मुक्त करने और उनके शारीरिक-मानसिक विकास के लिए सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए बच्चों को सुबह का नाश्ता और पौष्टिक मध्याह्न भोजन मिलना अनिवार्य है, लेकिन छिंदवाड़ा जिले के शहरी क्षेत्रों से लगातार ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं कि केंद्रों पर बच्चों को न तो सही समय पर नाश्ता मिल रहा है और न ही भोजन की गुणवत्ता व मात्रा मानकों के अनुरूप है।

कागजों में दर्ज बच्चों की संख्या और केंद्र पर वास्तविक रूप से उपस्थित बच्चों की संख्या में जमीन-आसमान का अंतर होने के बावजूद राशन की खपत के आंकड़े पूरे मिल रहे हैं। जो अपने आप में एक बड़ा सवालिया निशान है। छिंदवाड़ा शहरी परियोजना के तहत आने वाले इन केंद्रों में पोषण आहार वितरण के लिए शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर और समय-सारणी का पालन मैदानी स्तर पर नहीं हो रहा है। उपस्थिति कम होने के बावजूद यदि पूरा राशन उठाया जा रहा है, तो शेष राशन जा कहां रहा है ? यह जांच का विषय है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर सुपरवाइजरों और अधिकारियों द्वारा शहरी केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण न किए जाने के कारण जमीनी अमला लापरवाह बना हुआ है।

इस पूरे मामले को लेकर जब स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आवाज उठाई है, तो महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक यह बात पहुंची है। अधिकारियों का दावा है कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और यदि किसी केंद्र पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित स्व-सहायता समूह और कार्यकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

9 को मनेगा तीर्थंकर महावीर निर्वाण महोत्सव

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज विविध अनुष्ठानों के साथ कार्तिक कृष्ण अमावस्या सोमवार 9 नवंबर के शुभ दिन अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का मंगलकारी निर्वाण महोत्सव एवं गौतम स्वामी का केवलज्ञान महोत्सव भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा। जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि श्री वीर प्रभु के मोक्ष कल्याणक अर्थात मंगलकारी निर्वाण महोत्सव पर प्रात:काल की मंगल बेला पर नगर के समस्त दिगंबर जिनालय एवं चैत्यालय में श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री महावीर पूजन, श्री गौतम स्वामी पूजन के साथ निर्वाण कांड पढ़कर मोक्षकल्याणक का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा पश्चात नगर के समस्त दिगंबर जिनालय एवं चैत्यालय की वंदना कर जिनशासन की मंगल प्रभावना की जावेगी।

श्री जैन ने बताया कि कार्तिक कृष्ण अमावस्या के शुभ दिन प्रात:काल की मंगल बेला पर से श्री वीर प्रभु को पावापुरी से निर्वाण एवं संध्या की बेला पर उनके मुख्य गणधर गौतम स्वामी को गुणावा से केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी। निगम आयुक्त चंद्र प्रकाश राय ने बताया कि अहिंसा के प्रणेता तीर्थंकर महावीर भगवान के निर्वाण महोत्सव के शुभ दिन 9 नवंबर को छिंदवाड़ा निगम क्षैत्र के समस्त पशुवधगृह, मटन मार्केट एवं मांस-मछली की दुकान पूर्णत: बंद रहेगी।

शिवपुरी फेस 3 की बंद खदान से 100 बोरी कोयला जब्त

परासिया, देशबन्धु। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने गत मंगलवार को आधी रात में शिवपुरी फेस- 3 ओपन कास्ट बंद खदान में 100 बोरी से अधिक कोयला बरामद किया है। जिसकी कीमत सीआईएसफ ने 10 हजार रुपए बताई है। हालांकि मौके पर कोई भी व्यक्ति नहीं पाया गया। सीआईएसफ ने जप्त कोयले को विष्णुपुरी खदान नंबर 2 के स्टोर में रखवाया है।



अमरवाड़ा में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस बूथ को मजबूत करने पूरी ताकत से जुटी है। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बूथों को मजबूत करने के साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। बटकाखापा व धनौरा ब्लॉक में कांग्रेस बूथ के साथ ही प्रत्येक घर तक दस्तक दे रही ताकि मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित किया जा सके और इसमें कांग्रेस पदाधिकारीगण सफल भी हो रहे हैं। मढ़ी बूथ पर कांग्रेस के बूथ स्तरीय कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें आगामी चुनावों को लेकर रणनीति बनाई गई। भाजपा सरकार की विफलताओं पर चर्चा कर जनसमस्याओं के निराकरण पर धरना प्रदर्शन व आंदोलन की रणनीति बनाई। इस अवसर पर पर्यवेक्षक रिजवी, चंद्रजीत सिंह ठाकुर, जिला प्रवक्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बटकाखापा कमलभान शाह इनवाती, मंडलम अध्यक्ष जमना प्रसाद धुर्वे, राधेश्याम कहार बटकाखापा मंडलम अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष दुर्गेश साहू, आदि उपस्थित हुए।

कांग्रेस के नवनियुक्त जिला कार्यवाहक अध्यक्ष को सौंपा नियुक्ति पत्र

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला कांग्रेस के नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक तिवारी को राजीव भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों का अनुभव रखने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ व अनुभवी जनप्रतिनिधि अशोक तिवारी के अनुभव का लाभ अब जिला कांग्रेस कमेटी को प्राप्त होगा।

भाजपा जिला पांढुर्णा के मंडलों की मासिक बैठकें आयोजित, आगामी कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

सौसरा, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी जिला पांढुर्णा के अंतर्गत 03 नवंबर 2026 को सौसर, रामाकोना, मोहखेड़, लिंगा एवं सावरी, मैनीखापा मंडलों की मासिक बैठकें आयोजित की गई। बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों, वर्तमान में संचालित अभियानों एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही संगठन की कार्ययोजना, बूथ स्तर पर संगठनात्मक मजबूती एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता को लेकर चर्चा की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा की भारतीय जनता पार्टी का संगठन समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और सक्रिय सहभागिता के बल पर निरंतर मजबूत हो रहा है। संगठन की वास्तविक शक्ति उसका प्रत्येक बूथ एवं बूथ पर कार्यरत समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय, अनुशासन और पूरी निष्ठा के साथ संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करें तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं।

जिला अध्यक्ष श्री मोहोड ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने, बूथ स्तर पर संगठन



को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

बैठकों में वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले, हरिश बत्रा, इन्द्रचंद डागा, राजेन्द्र भक्ते, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़, अनिल कुमरे, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे, दीपक कामडे, प्रीतम राऊत, सदन साहू, सीताराम कोरडे, जिला कोषाध्यक्ष ऋषि सोनी, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, सह कोषाध्यक्ष विलास घोंघे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विलास खिरडकर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विवेक गायकवाड़, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामेश्वर कवरेती, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री परसराम राणे,बाबा बोबडे, जिला पंचायत सदस्य ललिता विलास घोंघे, सौसर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, रामाकोना मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, मोहखेड़ मंडल अध्यक्ष गगन घडकरे,लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे, सावरी मंडल अध्यक्ष लालसिंह बट्टी ,वं मैनीखापा मंडल अध्यक्ष धर्मराज कुमरे सहित मंडल पदाधिकारी,शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठकों में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया।

नगर के बीचो-बीच स्थित मंदिर से माता रानी के जेवरात और तिजोरी की नगदी लेकर फरार हुए चोर



चौरई, देशबन्धु। छिंदवाड़ा के तीस हजार की आबादी वाले चौरई नगर में चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका अंदाजा नगर के बीचों-बीच पुलिस थाना के पीछे स्थित माता मंदिर में हुई चोरी से लगाया जा सकता है। देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए माता रानी के जेवरात और तिजोरी के ताले तोड़कर उसमें रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह मंदिर खुलने पर घटना की जानकारी सामने आते ही मंदिर समिति में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

चौरई थाना प्रभारी मोहन कुमार मर्सकोले पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर जांच शुरू की है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की पहचान और उनकी आवाजाही से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा सकें। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में नागरिक मंदिर पहुंचे। लोगों में आक्रोश और धार्मिक आस्था से जुड़े इस स्थल पर हुई चोरी को लेकर गहरी नाराजगी देखी गई।

मंदिर तक पहुंच गए चोर, सुरक्षा व्यवस्था पर स्वाभाविक सवाल

इस घटना की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि माता मंदिर बाजार क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। आसपास रिहायशी आबादी है, लोगों की आवाजाही रहती है और मंदिर पुलिस क्वार्टर के ठीक पीछे स्थित है। पुलिस थाना भी यहां से कुछ ही दूरी पर है। ऐसे क्षेत्र में चोरों का देर रात मंदिर में प्रवेश कर ताले तोड़ना और चोरी कर निकल जाना नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्वाभाविक सवाल खड़े करता है। सवाल किसी एक विभाग या व्यक्ति पर आरोप लगाने का नहीं, बल्कि यह समझने का है कि आखिर नगर के प्रमुख और आबादी से घिरे स्थानों पर रात्रिकालीन सुरक्षा कितनी प्रभावी है ?

पिछली चोरी में सुराग मिला, लेकिन आरोपी अब भी गिरफ्त से बाहर

गौरतलब है कि पिछले दिनों चौरई में हुई बड़ी चोरी के मामलें में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस टीम आरोपी तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन संबंधित व्यक्ति अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। ऐसे में पूर्व की चोरी का मामला पूरी तरह सुलझने से पहले माता मंदिर में हुई नई वारदात ने नगरवासियों की चिंता और बढ़ा दी है। लगातार सामने आ रही घटनाएं इस बात की आवश्यकता रेखांकित करती हैं कि चोरी के मामलों में त्वरित कार्रवाई के साथ-साथ ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए।

माता मंदिर में हुई चोरी केवल जेवरात और नगदी का नुकसान नहीं है बल्कि यह नगर की सामूहिक आस्था और सुरक्षा की भावना से जुड़ा मामला है। नगर की सुरक्षा के लिए पुलिस की सक्रिय गश्त, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और प्रभावी कार्रवाई जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी नागरिकों की सतर्कता भी है। घरों और दुकानों में सुरक्षा इंतजाम, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रात्रि में आसपास की गतिविधियों पर नजर और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देना समय की जरूरत है।

अब सवाल यह है कि क्या इस घटना के बाद नगर में रात्रिकालीन गश्त और संवेदनशील स्थानों की निगरानी को और प्रभावी बनाया जाएगा ? चौरई के नागरिक चाहते हैं कि मंदिर में हुई चोरी का जल्द खुलासा हो, पूर्व की चोरी के आरोपी भी कानून के शिकंजे में आएं और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

अम्बाड़ा प्रबंधन मुर्दाबाद, क्षेत्रीय प्रबंधन मुर्दाबाद के नारे के साथ संयुक्त मोर्चा ने शुरू किया धरना प्रदर्शन

गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु। कन्हान क्षेत्र की शारदा भूमिगत खान में प्रबंधन ने शारीरिक रूप से कमजोर कामगारों को जबरन खदान के भीतर काम करने का दबाव देकर भेजने के खिलाफ संयुक्त मोर्चा ने नारेबाजी करते हुए बुधवार की सुबह प्रथम पाली में धरने पर बैठ गए हैं। एवं अंबाड़ा प्रबंधन मुर्दाबाद, क्षेत्रीय प्रबंधन मुर्दाबाद, के नारों के साथ संयुक्त मोर्चा ने धरना प्रदर्शन शुरू किया एवं नारेबाजी करते हुए श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित कई कार्यकर्ता और कामगारों ने प्रबंधन के तानाशाही रवैया के खिलाफ मैनेजर आफिस शारदा माइंस के सम्मुख एकत्रित होकर प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया।

गौरतलब है कि संयुक्त मोर्चा के द्वारा एक दिन पूर्व नोटिस देकर आंदोलन पर जाने के साथ प्रबंधन की मनमानी रोकने आगाह किया था। लेकिन प्रबंधन के द्वारा 03 नवम्बर को लगभग 78 कामगारों की हाजिरी बंद कर दी गई जिसके विरोध में 04 नवंबर बुधवार को संयुक्त मोर्चा ने हड़ताल शुरू की इसी धरना प्रदर्शन के दौरान एक कामगार विजय पाटिल को सीने में दर्द होने के कारण वेकोलि के वेल्फेयर हॉस्पिटल जुन्नारदेव एम्बुलेंस से इलाज हेतु पहुंचाया गया।

इस आंदोलन में संयुक्त मोर्चा में शामिल पांचों श्रम संगठनों में बीएमएस, एचएमएस यूनियन, एटक यूनियन, इंटक, सीटू यूनियन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए, और कहां की मांगे नहीं मानी जाने पर इस धरना प्रदर्शन आंदोलन को संयुक्त मोर्चा आगामी दिनों में और तेज करेंगा।

